प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 12.04.2026 समय : 01:00 पी.एम.

....

पद्मविभूषण से सम्मानित मशहूर गायिका आशा भोसले का अब से कुछ ही देर पहले मुम्बई में निधन हो गया है। सीने में संक्रमण के बाद उन्हें कल शाम ब्रीच कैण्डी अस्पताल में भर्ती करवाया था, जहां आपातकालीन चिकित्सा इकाई में उनका ईलाज किया जा रहा था। वे 92 वर्ष की थी। उनके निधन की खबर के साथ ही संगीत प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई है। आशा ताई के नाम से प्रसिद्ध दिग्गज गायिका ने सात दशकों से भी ज्यादा लम्बे सुरीले सफर में एक से बढकर एक हजारों सदाबहार नगमे गाये। उनका जाना पार्श्व गायन के क्षेत्र में एक अपूर्णीय क्षति है। उनके सुपुत्र आनंद भोसले ने जानकारी दी है कि उनका अंतिम संस्कार कल शाम मुम्बई में शिवाजी पार्क में किया जायेगा।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण कानून पर सच्ची भावना के साथ अमल करने का समय आ गया है। ताकि 2029 से लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ हों। लोकसभा और राज्यसभा में सदन के नेताओं को लिखे पत्र में श्री मोदी ने सभी सदस्यों से महिला आरक्षण कानून में संशोधन के मुद्दे पर एकजुट होने का अनुरोध किया है। इस कानून को **नारी शक्ति वंदन अधिनियम** का नाम दिया गया है। संसद के बजट सत्र में तीन दिन का विशेष सत्र 16 से 18 अप्रैल तक चलेगा। महिला आरक्षण अधिनियम से लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़कर आठ सौ 16 हो जाएगी जिसमें 273 सीटें महिलाओं के लिए होंगी। लोकसभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान 2023 में संविधान संशोधन के ज़रिए किया गया था।

....

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कल कोटा के कुन्हाडी गांव पंहुचे। उन्होंने माली सैनी विकास समिति के बालिका छात्रावास का लोकार्पण किया। इस मौके पर श्री बिरला ने कहा कि आज बालिकाएं और महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्व कर आगे बढ रही है। अपनी पहचान बना रही है। इसमें शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

....

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने करौली जिले के हिंडौन सिटी में अंतानगर पालिका के सहायक अभियंता की तलाशी में नकदी जब्त की है। उनके कब्जे से 3 लाख 70 हजार रूपये बरामद किये गये। आरोपी के पास अधिशाषी अधिकारी का भी अतिरिक्त कार्यभार है। एसीबी मामले की जांच कर रही है। उधर हनुमानगढ में पुलिस की ओर से चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा पकडा गया। टाउन पुलिस की इस कार्यवाही में मौके से सवा 14 लाख रूपये की नकदी बरामद की गई और 9 मोबाईल तथा लैपटॉप सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

....

भरतपुर में आज पोषण पखवाडे के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। महिला और बाल विकास विभाग की ओर से निकाली गई इस रैली में पोषण के साथ ही बाल्यावस्था विकास के महत्व का संदेश दिया गया। साथ ही आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने संगोष्ठी के माध्यम से संतुलित आहार, स्तनपान के महत्व और पूरक आहार के बारे में जानकारी दी।

....

डीग जिले में पंच गौरव योजना के तहत अर्जुन को मुख्य वनस्पती घोषित किया गया है। सीकरी रेंज की निहाम राजकीय नर्सरी में अर्जुन के एक लाख पौधे तैयार किये जा रहे है। जुलाई से पहले ये पौधे वितरित किए जायेंगे। साथ ही आम लोगों के अर्जुन के औषधीय गुणों के बारे में भी बताया जा रहा है।

....

प्रदेश में तेज धूप के साथ गर्मी का असर तेजी से बढ़ने लगा है। कल जयपुर, अलवर, सीकर समेत अधिकतर शहरों में तापमान दो से पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ गया। कोटा और बाडमेर में पारा 40 डिग्री के पास पंहुच गया। वहीं पश्चिमी राजस्थान में दिन के साथ अब रात का तापमान भी बढ़ने लगा है। बाड़मेर में रात में भी गर्मी का असर महसूस हुआ और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं बीकानेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ क्षेत्र में सुबह से दोपहर तक आंशिक बादल छाए रहे। श्रीगंगानगर के अनूपगढ़, रावलामंडी और घड़साना में हल्की बारिश भी हुई, लेकिन दोपहर बाद मौसम साफ होने के साथ ही यहां भी तापमान बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में तेज धूप के कारण तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढोतरी हो सकती है।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 अप्रैल को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133 वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 24 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे।

....